Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide compensation to farmers whose lands have been acquired for fencing purpose in border areas of Jammu and Kashmir.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू) : माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू अंतर्गत भारत पाक सीमा पर रह रहे किसानों की दयनीय दशा की ओर ले जाना चाहता हूँ । सीमावर्ती क्षेत्र में कांटेदार तार लगाना बहुत ही जरुरी था, जिससे हम अपने दुश्मनों को रोक पाते हैं, पर दुर्भाग्यवश तार के उस पार हमारे किसानों की कई एकड़ जमीनें भी हैं, जो बहुत ही उपजाऊ हैं, जिसमें धान, चावल आदि की खेती कर किसान अपना जीवन निर्वाह करते थे । उनकी जमीन तार के उस पार चले जाने से ना ही वे खेती कर पाते हैं और न ही इन लोगों को कोई मुआवजा मिला है । सभापति महोदय जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि उनकी दयनीय दशा को देखते हुए, जिनको मुआवजा नहीं मिला है, उन किसानों की एक सूची जम्मू कश्मीर सरकार से मंगवाई जाए, ताकि उन जमीनों का मुआवजा उन किसानों को यथाशीघ्र मिल सके, जिससे वे अपनी जिन्दगी गुजर-बसर ठीक प्रकार से कर सकें ।